हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025

04 दुबई से खेल का बैतूल तक मेल, अवैध सट्टाबाजी...

08 गैर मान्यता धारी, झोलाछाप डॉक्टरों पर...







## खबर संक्षेप

### स्वयंवरम गार्डन में रास-लीला महोत्सव आज से

**नर्मदापुरम।** प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी वृंदावन के कृष्ण भक्तों द्वारा रासलीला का मंचन 13 दिसंबर से 20 दिसम्बर तक किया जाएगा। यह जानकारी लीला के आयोजक जगन्नाथ मंदिर के ठाकुर राजा और सेमेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने दी। डा शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रासलीला महोत्सव के दौरान वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला के सदस्य रासाचार्य फतेह कृष्ण शर्मा और उनके साथी श्रीराधा जन्म, गोमय श्रृंगार, सुदामा चरित, कंस वध, मुद्रिका चोरी सहित भगवान कृष्ण के चरित्र पर आधारित अन्य लीलाओं का मंचन करेंगे। उन्होंने बताया कि लीला का मंचन प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालु भक्तों से भगवान कृष्ण की लीलाओं के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### आयोजन हेतु बैठक 14 दिसम्बर को

**नर्मदापुरम।** मां नर्मदा प्रकट्योत्सव एवं नगर नर्मदापुरम गौरव दिवस महोत्सव तथा संत शिरोमणी रामजी बाबा मेला वर्ष 2026 के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में सक्षम समिति की बैठक आयोजित की गई है।

## एसआईआर में कई मतदाताओं को वर्ष 2003 और वर्ष 2025 में विवरण अलग-अलग

# 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसीज' ने बढ़ाया मतदाताओं व बीएलओ का सरदर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है एवं डाटा अपडेशन में 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसीज' बाधा बन रही है। जिसने बीएलओ के समक्ष नई परेशानी खड़ी कर दी है।**


हरिभूमि ने मामले में सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के कई बीएलओ से चर्चा की। सभी बीएलओ ने बताया कि वर्ष 2003 तथा वर्ष 2025 में किसी एक मतदाता के विवरण में थोड़ा सा भी परिवर्तन होने पर डाटा अपडेशन में परेशानी हो रही है। जब निर्वाचन आयोग के मोबाइल ऐप पर किसी एक मतदाता का डाटा अपडेट किया जाता है व पूरा डाटा 2003 और 2025 में एक समान होने पर कोई भी परेशानी नहीं होती है। एवं डाटा आसानी से अपडेट हो जाता है। लेकिन दोनों वर्षों के डाटा में कोई भी भिन्नता पाई जाती है तो मोबाइल ऐप पर 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसीज' का मैसेज फ्लेश होने रगता है। इस स्थिति में डाटा अपडेशन में सभी बीएलओ को परेशानी हो रही है। तथा बीएलओ दिनरात समस्या के समाधान के लिये परेशान हो रहे हैं।



### 1.3 लाख मतदाताओं का डाटा प्रभावित

सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र में 1,03,000 मतदाता ऐसे हैं जिनका डाटा अपडेट करने में मोबाइल ऐप पर लॉजिकल डिस्क्रेपेंसीज मैसेज फ्लेश हो रहा है। अब सभी बीएलओ डाटा को सही कर रहे हैं। मतदाताओं को इस बाबत जानकारी मिल रही है तो वह परेशान हो रहे हैं। लेकिन निर्वाचन शाखा कर्मियों ने बताया कि परेशान ना हों, कार्य को निर्वाचन आयोग मोबाइल ऐप पर आसानी से पूर्ण किया जा रहा है। जानकारी अनुसार मतदाता सूची के अंतिम प्रारूप प्रकाशन के पूर्व समस्या के पूर्ण निराकरण की स्थिति बन सकती है।

### डाटा मैचिंग में सात बाधाएं




सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार एसआईआर के बाद मतदाताओं के डाटा के अपडेशन के दौरान 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसीज' श्रेणी में सात तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। जिसमें किसी एक मतदाता के वर्ष 2003 तथा 2025 में नाम या लिंग या आयु में तनिक भी भिन्नता होने पर डाटा अपडेशन बाधित होता है। कई मामलों में वर्ष 2003 में किसी एक मतदाता का मात्र नाम दर्ज था, लेकिन वर्ष 2025 में यदि मतदाता सूची में पूर्ण नाम लिखा है, तो डाटा अपडेशन में परेशानी हो रही है, जबकि नाम एक ही व्यक्ति का है। उदाहरण के लिए 2003 की मतदाता सूची में किसी का नाम 'राकेश कुमार' दर्ज था और वर्ष 2025 की मतदाता सूची में 'राकेश कुमार' के बाद 'सरनेम' भी दर्ज है तो मैपिंग के बाद डाटा अपडेशन पर एप में 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसीज' मैसेज फ्लैश होता है। इस स्थिति में बीएलओ डाटा को मोबाइल एप पर अपडेट कर निराकृत करते हैं।

### आसान है सुधार

"लॉजिकल डिस्क्रेपेंसीज के मामले सामने आए हैं। लेकिन सुधार भी आसानी से हो रहा है। प्रारूप प्रकाशन के बाद मतदाता डाटा संशोधित भी करा सकते हैं।"-
**प्रियंका भल्लावी, एसडीएम, सोहागपुर।**

## विभाग ने की इंडियन ऑयल के डिपो के प्रूवर मेजर की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नापतौल विभाग द्वारा नर्मदापुरम संभाग के इंडियन आयल कंपनी के पेट्रोल डीजल विक्रेता (डीलरों) की उपस्थिति में इटारसी स्थित इंडियन ऑयल के डिपो के प्रूवर मेजर की जांच कर सत्यापित किया गया। प्रूवर मेजर द्वारा पेट्रोल पंप की टैंक लॉरी का सत्यापित की जाती है जिससे पहले नापतौल विभाग के प्रभारी सहायक नियंत्रक सलिल ल्यूक द्वारा अपने स्टाफ के कर्मचारी आशीष श्रीवास्तव के साथ 20 लीटर कॉनिकल मेजर की जांच विभाग के सत्यापित मेजर द्वारा की गई।

जांच के समय सतीश कुमार द्विवेदी वरिष्ठ डिपो प्रबंधक, इंडियन ऑयल पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, सचिव राजेश गौर, संभाग से आए डीलरों भी उपस्थिति रहे।

### 10698 प्रकरणों के निराकरण हेतु 24 न्यायिक खंडपीठ गठित

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा निर्देशों के पालन में जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालया में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई के लिए 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया है जो मामलों का निराकरण करेंगी।

## नपा कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका कार्यालय परिसर में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जहां नागरिक अपनी सुविधानुसार कर जमा सकते हैं और नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली रियायत का लाभ ले सकते हैं। राजस्व शाखा के हरिश गोस्वामी ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका कार्यालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिक अपने समस्त प्रकार के कर एक मुश्त जमा कर सकते हैं साथ ही नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली रियायत का भी लाभ ले सकते हैं। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के नागरिकों से नेशनल लोक अदालत में अपने समस्त प्रकार के कर जमा करने का आग्रह किया है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि आपके द्वारा दिए गए कर के माध्यम से ही नगर विकास संभव हो पाता है। नेशनल लोक अदालत में दुकान किराया, प्रीमियम सहित अपने समस्त प्रकार के कर जमा कर मिलने वाली रियायत का लाभ ले सकते हैं।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु गर्ल्स कॉलेज में साइबर सखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन नर्मदापुरम ने शुक्रवार 12 दिसम्बर को शासकीय गृह विज्ञान स्नाकोत्तर महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए "साइबर सखी" कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में तृप्ति त्रिपाठी संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग, कामिनी जैन प्राचार्य शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम, प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण प्रीति यादव, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम शहरी, हर्ष चचाने प्राध्यापक गृह विज्ञान महाविद्यालय, पुलिस विभाग से निरीक्षक रामजू ऊईके, आशु पटेल बाल संरक्षण अधिकारी, प्रतिभा वाजपेयी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी का सांसद चौधरी ने संसद में रखा विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नई दिल्ली लोकसभा सदन में नियम 377 के अंतर्गत सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी का विषय रखा। भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद एक महत्वपूर्ण कृषि नीति है जो किसानों का समर्थन करती है और देश में खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करती है।

केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाये हुए एमएसपी का किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है। वर्तमान में बिचौलियों द्वारा मक्के की कीमतों में गिरावट का फायदा उठाया जा रहा है। किसान का मक्का बाजार में 1000 रूपए से 1400 रूपए प्रति क्विंटल बिक रहा है, जिसमें किसानों की लागत भी उतनी हा आ रही है। इसलिए मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह किसानों को उनकी मेहनत का निश्चित व उचित दाम दिलाते हुए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी और किसानों आय को स्थिर रखने में मदद करेगी। जिससे वे भविष्य में भी मक्का उगाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। सरकार पर खरीदें गये मक्का का उपयोग खाद्य आपूर्ति के साथ इथेनॉल उत्पादन जैसे उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कर सकती हैं।




## नवीन सत्र 2026-27 हेतु 1 जनवरी तक चलेगा कालेज चलो अभियान, तैयारियों के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ कामिनी जैन के मार्गदर्शन में ई प्रवेश सत्र 2026-27 की प्रक्रिया पूर्व से 1 जनवरी तक कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी कॉलेज चलो अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु महाविद्यालय की टीम सभी शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर विद्यालयों में प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हे उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन करने हेतु कॉलेज विजिट का आयोजन किया जायेगा। प्राचार्य डॉ. जैन ने बताया कि सोशल मीडिया अभियान के तहत फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब तथा व्हाट्सएप्प पर महाविद्यालय की उपलब्धियों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्र हितैशी योजनाओं एवं प्रेरक संदेशों पर आधारित छोटे वीडियो और पोस्ट प्रसारित किये जायेंगे तथा महाविद्यालय की विशिष्ट सुविधाओं का वीडियो एवं वर्चुअल टूर तैयार कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाया जायेगा।

## नगर पालिका कार्यालय को इंडियन बैंक ने दी 6 कुर्सियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नागरिकों की सुविधा को देखते हुए आज नगरपालिका कार्यालय में इंडियन बैंक द्वारा 6 स्टील की कुर्सियां प्रदान की गई हैं। जिससे वहां आने वाले नागरिकों को बैठने की व्यवस्था होगी। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि कुर्सियां प्रदान करते समय विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, सहायक लेखा अधिकारी देवेंद्र बघेल, कपिल चौहान, सुनील गोरे, बैंक के मैनेजर अजीत यादव आदि उपस्थित थे। बैंक मैनेजर यादव द्वारा नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले को धन्यवाद दिया।

## नपा की जनसुनवाई: त्वरित कराई राशन पर्ची चालू, एक्सीलेंस स्कूल में बनेगी क्रिकेट पिच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि आज नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें नगर से संबंधित छोटी बड़ी करीब 15 समस्याएं आई। जनसुनवाई के दौरान वार्ड पार्षद बिंदिया मांझी, पार्षद नरेंद्र पटेल, राहुल गौर और पार्षद प्रतिनिधि तेजकुमार गौर द्वारा भी अपने वार्ड की समस्याएं बताकर समाधान करवाया। जनसुनवाई में उपयंत्री अंबक पाराशर, रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड क्रमांक 10 के नागरिकों ने बताया कि उनके यहां नाली नहीं है और पानी निकासी में दिक्कत आ रही है। नपाध्यक्ष द्वारा उपयंत्री निर्देशित कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड क्रमांक 15 में मकान के बाजू में पड़ी मकान निर्माण की सामग्री को हटवाया। साथ ही एक्सीलेंस स्कूल में क्रिकेट पिच बनाने की मांग भी आई जिसके पर नपाध्यक्ष ने त्वरित उपयंत्री को पिच बनाने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देश दिए।

## रासेयो के स्वयं सेवकों ने किया दिव्यांग विद्यालय का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य कामिनी जैन के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों को भविष्य दिव्यांग विशेष (संस्था) विद्यालय नर्मदापुरम का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने बताया कि विश्व मानव अधिकार दिवस 2025 की थीम ''मानव अधिकार हमारी रोजमर्रा की जरूरत है'' जो बताती है कि मानवाधिकार सिर्फ बड़े आदर्श नहीं बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय और सुरक्षा जैसी दैनिक ज़रूरतें हैं, जो हर व्यक्ति के जीवन को आकार देती हैं। यह थीम मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की स्थायी प्रासंगिकता पर जोर देती है।

## कलेक्टर नें कृषि कार्यों का किया निरीक्षण

# उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत इकाइयों का उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन बढ़ाया जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित पीएमएफएमई योजना से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा स्थापित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर हितधारकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजना से मिले लाभ, उत्पादन क्षमता, व्यवसाय विस्तार, विपणन प्रणाली तथा रोजगार सृजन से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने नर्मदापुरम स्थित अमृत मसाला यूनिट की संचालक आरती खंडेलवाल एवं विकसित एएलपी महिला स्वसहायता समूह से यूनिट संचालन की प्रक्रिया, योजना से प्राप्त अनुदान, उत्पाद निर्माण और विक्रय व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देशित किया कि मसाला एवं आटा उत्पादन इकाई के उत्पादों के प्रभावी विक्रय के लिए ठोस प्रयास किए जाएं, जिससे लाभान्वित हितग्राहियों की आय में और वृद्धि हो सके। इसके पश्चात कलेक्टर ने विकासखंड माखननगर के ग्राम समौन में सिंघाड़ा एवं मखाना उत्पादन कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने किसानों से सिंघाड़ा एवं मखाना उत्पादन की तकनीकों, खेती की विधि तथा प्राप्त लाभों पर चर्चा की। इस दौरान कृषक अरविंद दुबे ने बताया कि उन्होंने दरभंगा स्थित मखाना अनुसंधान केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा अब मखाने के बीज भी स्वयं तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन की सहायता एवं विभागीय मार्गदर्शन से यह खेती और अधिक लाभदायक सिद्ध हो रही है। कलेक्टर ने उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर मखाना प्रसंस्करण एवं विपणन की संभावनाओं को तलाशा जाए तथा कृषकों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया ईआफिस प्रणाली का प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम।** जिले में ई-ऑफिस क्रियान्वयन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बनखेड़ी एवं पिपरिया में दो सत्रों में निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की एवं ई ऑफिस से जुड़े आवश्यक बिंदुओं को समझा। प्रथम सत्र, बनखेड़ी : प्रथम सत्र में तहसील बनखेड़ी एवं जनपद पंचायत बनखेड़ी में ई-ऑफिस संचालन की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया गया।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 6 माह से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** शाहपुर पुलिस ने चोरी के मामले में लगभग 06 माह से फरार आरोपी टीना उर्फ नेहा यादव को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया तमन्ना गुरु रागिनी नायक (39) निवासी ठाकुर मोहल्ला शाहपुर ने थाना शाहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 30 जून 2025 को लाखनवाड़ी परतवाड़ा गई थी। 4 जुलाई को वापस घर आकर देखने पर उसके घर के अंदर की आलमारी का समान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखे नगद व जेवरात चोरी जाने की शिकायत थाना मे दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 305(ए) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया। फरियादी से पूछताछ पर जानकारी प्राप्त हुई कि फरियादी के घर में करीब 15 दिवस पूर्व संदेही शाहिबा उर्फ रेहान व नेहा यादव उर्फ टीना किन्नर रुके हुये थे। घटना के समय भी संदेही फरियादी के घर आये थे। संदेह के आधार पर शाहिबा उर्फ रेहान को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ करने पर अपने साथी नेहा उर्फ टीना यादव के साथ फरियादिया के घर चोरी करना स्वीकार किया। शाहिबा उर्फ रेहान यादव (22) निवासी चन्दन नगर की हाल इलयास कालोनी खजराना जिला इंदौर को पूर्व मे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष के समक्ष पेश किया गया था। घटना का अन्य आरोपी नेहा उर्फ टीना यादव घटना दिनांक से फरार था, जो 11 दिसंबर को घोडाडोंगरी में रेलवे स्टेशन के मिला, जिसे समक्ष गवाहो के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### प्रभारी मंत्री आज 13 दिसंबर को आएंगे बैतूल

**बैतूल।** राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश शासन व प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल 13 दिसंबर को एक दिवसीय प्रवास पर बैतूल आएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री पटेल प्रातः 8 बजे भोपाल से बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस बैतूल आगमन होगा। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें विगत दो वर्षों की उपलब्धियों एवं आगामी कार्य योजना पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री पटेल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 1.30 बजे से आयोजित पत्रकार वार्ता में शामिल होंगे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री पटेल 4 बजे बैतूल से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कैंपस ड्राइव 16 दिसंबर को

**बैतूल।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में 16 दिसंबर को कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि ईजीसॉफ्ट कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर की स्थापना कार्य के लिए इलेक्ट्रीशियन, तकनीशियन, हेल्पर पदों पर भर्ती की जाएगी। कैंपस ड्राइव के दौरान कंपनी के प्रतिनिधि साक्षात्कार के माध्यम से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। उन्होंने अभ्यर्थियों से प्रातः 10 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### 9.84 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, 20 एटीएम, 8 पासबुक, 4 मोबाइल जब्त

# दुबई से खेल का बैतूल तक मेल, अवैध सट्टाबाजी का नेटवर्क, आधा दर्जन धराए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल पुलिस ने एक संगठित साइबर धोखाधड़ी और अवैध ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क का खुलासा किया है। करीब 9.84 करोड़ के इस विशाल नेटवर्क को तोडऩे के लिए पिछले एक महीने से साइबर सेल और एसआईटी की संयुक्त टीम गुपचुप तरीके से काम कर रही थी। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन और एएसपी कमला जोशी के निर्देशन में चल रहे इस ऑपरेशन का दायरा धीरे-धीरे बढ़ता गया और आखिरकार वह जाल सामने आया, जो बैतूल से लेकर इंदौर और फिर दुबई तक फैला हुआ था। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में संगठित साइबर धोखाधड़ी और अवैध ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया कि इस मामले में अब तक कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 20 नवंबर को पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 आरोपी राजा उर्फ आयुष चौहान, अंकित राजपूत और नरेंद्र सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया था, वहीं 7 दिसंबर को अमित अग्रवाल को इंदौर से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि अवैध ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क में होने वाले कैश ट्रांज़ैक्शन का प्रमुख माध्यम अंकित राजपूत था।

अमित अग्रवाल ने अंकित की मुलाकात ब्रजेश महाजन से करवाई, जिसके बाद साइबर ठगी और बेटिंग नेटवर्क आपस में जुड़े। अमित ने अंकित को अपने घर में किराए पर रखा और अवैध लेन-देन का पूरा तंत्र चलवाता था। अवैध कमाई का उपयोग कर अमित अग्रवाल ने बीएमडब्ल्य कार और एक आलीशान बंगला भी खरीदा था। पुलिस ने 11 दिसंबर को दो प्रमुख आरोपी राजेन्द्र राजपूत और ब्रजेश महाजन को इंदौर से गिरफ्तार किया। राजेन्द्र राजपूत एटीएम विड्रॉल म्यूल खातों से नकदी निकालता था और अंकित राजपूत के निर्देश पर विभिन्न स्थानों से रकम जुटाता था। कैश नेटवर्क का मुख्य संचालक सभी कार्य अंकित के माध्यम से नियंत्रित करता था। पुलिस ने राजेन्द्र राजपूत से 20 एटीएम कार्ड, 8 पासबुक, 4 मोबाइल फोन, 1 बैग और रजिस्टर एवं डायरी (लेन-देन का हिसाब) जब्त किया है।

#### डिजिटल सामग्री का फॉरेंसिक विश्लेषण कर रही पुलिस

पुलिस डिजिटल सामग्री का फॉरेंसिक विश्लेषण और अवैध ऑनलाइन बेटिंग एवं साइबर ठगी नेटवर्क की मनी ट्रेल सहित अन्य सहयोगियों की तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने कहा कि ऐसी वेबसाइटें न केवल आर्थिक अपराध को बढ़ाती हैं बल्कि युवाओं को गलत दिशा में ले जाती हैं। पुलिस ने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि अवैध बेटिंग से दूरी रखें और किसी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें। एसपी वीरेंद्र जैन ने मामले में उत्कृष्ट समन्वय, त्वरित कार्रवाई और निरंतर निगरानी के लिए संपूर्ण टीम की प्रशंसा की।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस मामले का खुलासा करने में डीएसपी दुर्गेश आर्मो, डीएसपी मयंक तिवारी, नीरज पाल, एसआई रवि शाक्य, एसआई उत्तम मस्तकार, एसआई राकेश सारेयाम, एसआई छत्रपाल धुर्वे, एएसआई अरुण यादव, दीपक कटियार, तरुण पटेल, आर. अनिरुद्ध यादव, आर. उज्जवल दुबे, आर. प्रदीप कहार, आर. विकास जैन, आर. विवेक टेटवार, आर. निर्मला, आर. प्रीति भारती, साइबर सेल के एसआई अश्विनी चौधरी, एसआई नवीन सोनकर, आर. राजेंद्र, आर. बलराम राजपूत, आर. दीपेन्द्र सिंह, आर. पंकज, आर. सचिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### अवैध बेटिंग नेटवर्क का मास्टरमाइंड माना जा रहा ब्रजेश

*ब्रजेश महाजन को इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। ब्रजेश एक बुलियन व्यापारी है और दुबई से संचालित अवैध बेटिंग वेबसाइटों की मास्टर आईडी भारत में बेचता था। इन आईडी की कीमत 25,000 से 2 लाख तक थी। कैश सेटेलमेंट अंकित व राजेन्द्र के माध्यम से करवाता था। ब्रजेश महाजन से 2 मोबाइल फोन, कार अवैध धन से अर्जित संपत्ति जब्त की है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इन अवैध ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइटों से होने वाली कमाई का उपयोग अपराधी महंगे बंगले, लग्जरी गाड़ियाँ और आलीशान जीवनशैली बनाने में करते हैं। अमित अग्रवाल ने अवैध धन से बीएमडब्लयू कार और बंगला खरीदा। ब्रजेश महाजन से कार जप्त हुई।*

### एड-ऑन थेरेपी से मरीजों में जागी नई उम्मीद

## सिकल सेल मरीजों के घर घर पहुंची आयुष औषधि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में आयुष विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित रोगियों को पूरक आयुर्वेदिक औषधियों का व्यापक वितरण किया गया। आयुक्त के आदेश के बाद जिला स्तर पर कलेक्टर बैतूल की अध्यक्षता में सिकल सेल एनीमिया समन्वय समिति बनाई गई, जिसमें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पंचायत और नगरीय प्रशासन विभाग को सदस्य बनाया गया।

आदेशों के अनुपालन में जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर की अध्यक्षता में सिकल सेल यूनिट गठित की गई और डॉक्टर सरिता डेहरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। जिले के सभी 10 ब्लॉकों में चिकित्सा अधिकारियों को नोडल बनाया गया, ताकि कार्यों की सूक्ष्म निगरानी की जा सके। सिकल सेल रोगियों की सूची सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त की गई। आयुष विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से चिन्हित उन सभी सिकल सेल रोगियों तक औषधियां पहुंचाईं, जो पहले से एलोपैथिक उपचार ले रहे हैं। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भेजी गई ये औषधियां मानक संचालन प्रक्रिया (एस ओ) के तहत घर-घर जाकर वितरित की गईं। औषधि वितरण की जानकारी संचालनालय को हर 15 दिन में भेजी गई। औषधि के साथ रोगियों को योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान और सरल योग क्रियाओं की जानकारी भी दी गई। 10 से 13 नवंबर तक विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिनमें आए 722 रोगियों को आयुर्वेदिक एड-ऑन थेरेपी दी गई। गर्भवती सिकल सेल रोगियों की जांच और प्रबंधन के लिए 18 नवंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम रखा गया था। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने स्वयं फील्ड में जाकर निरीक्षण किया और औषधि वितरण की समीक्षा की। भीमपुर और भैंसदेही ब्लॉक में लक्ष्य कम रहने पर अतिरिक्त अधिकारियों की नियुक्ति की गई। सीएमएचओ बैतूल से प्राप्त कुल 1238 सिकल सेल रोगियों की सूची के आधार पर आयुष विभाग की टीम ने घर-घर पहुंचकर सभी मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित कीं।

## दिल्ली महारैली, एसआईआर और कांग्रेस स्थापना दिवस की तैयारियों पर कांग्रेस ने झोंकी ताकत

### जिला कांग्रेस की बैठक में बनाई रणनीति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

दिल्ली में 14 दिसम्बर को रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की व्यापक तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार 12 दिसम्बर को कांग्रेस कार्यालय बैतूल गंज में संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने की। यह बैठक दोपहर 1 बजे से आयोजित हुई, जिसमें जिले के सभी पूर्व विधायक, विधानसभा और लोकसभा प्रत्याशी, ब्लाक अध्यक्ष, उपब्लाक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, ब्लाक प्रभारी, उपब्लाक प्रभारी, मंडलम प्रभारी, मोर्चा संगठन के जिलाध्यक्ष, मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रभारी, जिलाध्यक्ष आईटी सेल, विधानसभा आईटी सेल प्रभारी, युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव, सचिव, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला महासचिव, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित सभी जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में चार प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई जिनमें 23 दिसम्बर 2025 से शुरू हो रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण दावे-आपत्ति और जागरूकता शिविर, 14 दिसम्बर को दिल्ली में होने वाली महारैली में बैतूल जिले की सहभागिता, 28 दिसम्बर को कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस को हर बूथ पर मनाने की रणनीति तथा मंडलम, सेक्टर और बूथ कमेटियों के गठन पर महत्वपूर्ण विमर्श शामिल रहा। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया और 12 दिसम्बर की बैठक में उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की सफलता के लिए जिम्मेदारी तय की। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के साथ बैतूल विधानसभा प्रभारी गोपालकृष्ण शर्मा, सुभाष देशमुख, पूर्व विधायक धरमूसिंह सिरसाम, ब्रम्हा भलावी, डॉक्टर पी.आर. बोडखे सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### चार दिवसीय टूर्नामेंट में 16 टीमों ने की सहभागिता

## आरडी पब्लिक स्कूल में हुआ इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



क्वालिटी एजुकेशन के साथ विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने में उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आर.डी. पब्लिक स्कूल बैतूल द्वारा महती भूमिका अदा की जा रही है। इसी उद्देश्य को लेकर आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का भव्य आयोजन किया गया।

8 से 11 दिसम्बर तक आयोजित चार दिवसीय टूर्नामेंट में 16 टीमों ने सहभागिता कर खिला?ियों ने अनुशासन, टीम भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रोमांचक और कडे मुकाबले के बाद आरडी पब्लिक स्कूल और लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की टीम फायनल में पहुची। फायनल मैच के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा में एलएफएस की टीम विजेता एवं आर.डी. पब्लिक स्कूल की टीम उपविजेता रही। आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल द्वारा आयोजन इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में सी.एम.राइज आमला, आरडीसीसी बैतूल, आरडीपीएस बैतूल, आरडीपीएस मुलताई, विद्यार्थी पब्लिक स्कूल, एल.एफ.एस स्कूल बैतूल, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिसनूर सहित 16 टीमों ने सहभागिता की। टूर्नामेंट में नॉक आउट, क्वार्टर फायनल, सेमीपफयनल और फायनल मुकाबलो में खिलाडियों में खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्शकों को अंत तक जोडे रखा। चार दिवसीय इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का समापन 11 दिसम्बर को हुए। समापन कार्यक्रम में अतिथियों बैतूल एसडीएम अभिजीत सिंह, सहायक आयुक्त विवके पांडे, डीएसपी शेफा हाशमी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, जिला खेल अधिकारी धर्मेन्द्र पंवार, आर.डी. संस्थान की निदेशक ऋतु खण्डेलवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरूस्कृत किया। अतिथियों ने विजेता टीम एलएफएस को 10001 रूपए नगद पुरूस्कार व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल को 5001 रूपए नगद पुरूस्कार एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया। टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण मैन ऑफ द सीरिज तोषांत पंवार रहे। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो अर्द्धशतक बनाने वाले तोषांत को मैन ऑफ द सीरिज से सम्मानित किया गया।

#### खेल प्रतिभाओं को निखारना हमारी प्रतिबद्धताः खंडेलवाल

*टूर्नामेंट के समापन एवं पुरूस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए आर.डी.संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल ने कहा कि बैतूल जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें प्रोत्साहित कर उचित मंच उपलब्ध कराने की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही खेल प्रतिभाओं को निखरना और उन्हें प्रोत्साहित कर आगे बढाना हमारी प्रतिबद्धता है। खण्डेलवाल ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलने के दौरान जीत-हार की बजाए खेल भावना और अनुशासन पर फोकस होना चाहिए।*

### शीशे तोड़कर ड्राइवर-क्लीनर को बचाया

## नसीराबाद पुलिया से 20 फीट नीचे गिरा आयशर ट्रक



**बैतूल।** बैतूल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार रात एक ट्रक पुलिया से नीचे गिर गया। ऑयल पेंट से भरा छह-चक्का आयशर ट्रक नसीराबाद पुलिया के पास अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट नीचे सर्विस रोड पर जा गिरा। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर को मामूली चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों ने शीशे तोडक़र सुरक्षित बाहर निकाला। ट्रक बैतूल से हरदा की ओर जा रहा था। नसीराबाद पुलिया के पास अचानक वाहन का अगला टायर फटने से ड्राइवर का नियंत्रण हट गया और ट्रक पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने ट्रक के शीशे तोडक़र ड्राइवर सुभाष और क्लीनर मनीष को बाहर निकाला। दोनों घायल प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के निवासी हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सुभाष पटेल को बैतूल रेफर किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टीम ने केंद्रीय विद्यालय सारनी का किया शैक्षिक निरीक्षण



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में इस सत्र का शैक्षिक निरीक्षण संपन्न हुआ। निरीक्षण टीम में किरण मिश्रा, सहायक आयुक्त, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आरएन पांडे, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय बैतूल, मदन मोहन कटियार प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय एएफसी आमला, भरत धोटे, मुख्य अध्यापक, केंद्रीय विद्यालय बैतूल शामिल थे।

निरीक्षण टीम ने प्राथमिक से लेकर माध्यमिक कक्षाओं तक का अवलोकन किया तथा शिक्षण-अधिगम की गुणवत्ता, कक्षा-व्यवस्था, अनुशासन, सह-पाठ्य गतिविधियों और दस्तावेज़ों की सुव्यवस्था का विस्तृत मूल्यांकन किया। शिक्षकों द्वारा उपयोग की जा रही शिक्षण विधियाँ, टीएलएम, आईसीटी तथा बच्चों की सहभागिता को सराहा गया। विद्यार्थियों से प्रश्न-उत्तर के माध्यम से उनकी समझ और सीखने की गति का भी परीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर की स्वच्छता और व्यवस्था को संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण टीम के लिए मुख्य आकर्षण सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ छगन गुर्जर द्वारा किया गया उत्कृष्ट कार्य रहा- जैसे समावेशी शिक्षा पर विशेष बल, वर्ष भर विद्यार्थियों को ट्रैक करना। छगन गुर्जर द्वारा पूरे निरीक्षण कार्यक्रम का सांकेतिक भाषा में प्रभावी अनुवाद प्रस्तुत किया गया। निरीक्षण टीम ने कुछ सुधारात्मक सुझाव भी प्रदान किए, जिन्हें विद्यालय प्रशासन आगामी योजना में शामिल करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत पैलवर ने कहा कि विद्यालय में संपन्न निरीक्षण सफल और सार्थक रहा। निरीक्षण टीम ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं, विद्यार्थियों की सहभागिता, अनुशासन, स्वच्छता तथा विद्यालय की समग्र व्यवस्था को सराहा। टीम द्वारा दिए गए सुझावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए अपनी आगामी कार्ययोजना में शामिल करेंगे।

**CHANGE OF NAME**
I, No. 14434952W Rank Ex Hav **Satish Kumar Adbhute** is legal father of Sagar residing at vill.- Chandhra kala No 2 Post- Sandia, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP) 460661,
**have changed my son's name from SAGAR to SAGAR ADBHUTE**
vide affidavit dated 11-12-2025 before notary Multai, Distt.-Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**
I, Pratima spouse of No. 14434952W Rank Ex Hav (GD) **Satish Kumar Adbhute** resident of vill.- Chandhra kala No. 2 Post- Sandia, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP) 460661,
**have changed my name from PRATIMA to PRATIMA ADBHUTE,**
DOB.- 24-05-1988 (Twenty Four May Nineteen Eighty Eight ) vide affidavit dated 11-12-2025 before notary Multai, Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**
I, No. 15204194F Rank GNR, Name **Sarvan kumar** resident at Vill.- Multai, PO.- Multai Teh- Multai, Distt.- Betul, State-MP, Pin-460661
**have changed my daughter's Name from HIMANSHI to HIMANSHI BARANGE,**
vide Affidavit dated 12/12/2025 before Notary Betul Distt. Betul (MP)

## जिला विकास सलाहकार समिति बैठक की तैयारियों की समीक्षा




**बैतूल।** राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की अध्यक्षता में 13 दिसंबर को आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने विभागवार तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में शामिल किए जाने वाले प्रमुख एजेंडों, विकास योजनाओं की प्रगति, बजट उपयोग तथा लंबित कार्यों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक जिले के विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग अपनी तैयारियों को समय सीमा में पूरा करें और जिन योजनाओं में विलंब हो रहा है, उनकी स्थिति व कारणों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को बैठक की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## दिन का पारा गिरने से बढ़ी ठिठुरन न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में सर्दी का असर लगातार गहराता जा रहा है। बीती रात न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो गुरुवार से 1 डिग्री ज्यादा है, लेकिन ठिठुरन में कोई कमी नहीं आई। मौसम विभाग का कहना है कि दिन के तापमान में लगातार गिरावट की वजह से सुबह और शाम की ठंड और ज्यादा चुभन पैदा कर रही है। नवंबर के आखिरी सप्ताह से जिले में तापमान तेजी से बदल रहा है। दिसंबर की शुरुआत में हल्की राहत जरूर मिली, लेकिन 6 दिसंबर से फिर से ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। 7 से 10 दिसंबर तक रात का तापमान लगातार 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। 11 दिसंबर को यह फिसलकर 7.5 डिग्री सेल्सियस, यानी सीजन के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। फिलहाल यह हल्की बढ़ोतरी के साथ 8.5 डिग्री पर लौट आया है। ठंड केवल रात में नहीं, बल्कि दिन में भी महसूस की जा रही है। धूप में भी सर्द हवा की चुभन महसूस होने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तर भारत से लगातार आ रही बर्फीली हवाएं प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में ठंड को बनाए रखे हुए हैं। साफ आसमान के चलते आने वाले दिनों में रात का तापमान और नीचे जा सकता है, जिससे ठिठुरन और बढऩे की संभावना है।

संक्षेप खबर

## नव नियुक्त सैनिकों को दी पूर्व सैनिकों ने विदाई



**सोहागपुर।** भारतीय सेना में सोहागपुर क्षेत्र से कुछ युवाओं की नई भर्ती हुई है। ये नव सैनिकों गत दिवस ड्यूटी ज्वाइनिंग के लिये रवाना हुए। जिन्हें सैनिक समाज सेवा संगठन सोहागपुर जिला नर्मदापुरम् द्वारा शानदार व उत्साहजनक ढंग से विदाई दी गई है। जानकारी अनुसार नव नियुक्त वीर सैनिकों ऋषि रघुवंशी, युवराज कुशवाहा, अरुण सल्लाम तथा सुजीत भल्लावी भारतीय सेना में चयनित हुए हैं। जिन्हें ज्वाइनिंग के लिये जाने के दौरान क्षेत्रवासियों तथा पूर्व सैनिकों ने विदाई दी। पूर्व सैनिकों के ग्रुप के सक्रिय सीनियर सदस्यों संतोष रघुवंशी, बालमुकुंद पटेल, नीलम पटेल, अभिषेक डोर, राजेश रघुवंशी, मनोहर लाल सांगा, सौरभ रघुवंशी, रोहित रघुवंशी, राजेंद्र पथरिया, बबला साहू, हेमंत रघुवंशी, दीपक मालवीय, जितेन्द्र गोस्वामी, माधव पटेल, सुरेश कसेरा, हरीश कुमार साहू एवं अन्य सदस्यों द्वारा वीर सैनिकों को विदाई दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्रुप सदस्यों ने कहा कि आगे भी ग्रुप ऐसे ही कार्य करेगा।

### शासन ने हैलीपेड की भूमि पर पहले से दिए पट्टे, अब अतिक्रमण बना सिरदर्द

# पीएमश्री योजना में पंचायत में बनेगा हैलीपेड, शासन की कार्रवाई हुई शुरू

शासन द्वारा पिपरिया के ग्राम सिमारा के नजदीक अब हवाई पट्टी तैयार की जा रही है जिस पर भविष्य हेलीकॉप्टर उतारे जाएंगे। विदित हो कि उक्त भूमि पर शासन द्वारा पहले से ही पट्टे वितरित कर दिये गये थे जो अब शासन की इस योजना को लेकर नाखुश नजर आ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत की ग्रामपंचायत सिमारा की सरकारी भूमि पर हेलीकाप्टर उतरने के लिए हैलीपेड का निर्माण कार्य किया जाएगा। याद रहे कि डापका पंचायत के बीच में सिमारा की सीमा में भूमि है। जिसे शासन के द्वारा लोगों को पट्टे वितरित किए गए थे। जिन पर कुछ लोग भूमि कर रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। किराये पर दी जा रही है। अब पट्टे धारी काफी परेशान हैं। सिमारा पंचायत के द्वारा जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। पटवारी हल्का नंबर 42मे खसरा नंबर 313/2कुल रकवा 3,90एकड है। जिसमें हरनाम सिंह राजपूत तहसीलदार को आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि 1976-77 मे शासन ने पट्टा दिया गया था। जिस पर खेती की जा रही है।

जिस जगह पर हेलीपेड बनाया जा रहा है। वह भूमि पहले बाबू लाल अहिरवार को पट्टे दिए गए थे। जिस पर कोई शेरु नामक ने उस जमीन को कोली दिया गया है। उसके बाद सब्बू लाल आदिवासी का पट्टा दिया है। उसके बाद पचमढ़ी निवासी स्वतंत्रता सेनानी साहु को पट्टे दिए गए थे। लेकिन कोई भूमि नहीं कर सका जिस पर भी कोई व्यक्ति खेती कर रहे हैं। इस तरह से अनेक लोगों को पट्टे वितरित किए गए हैं। पर खेती कोई और कर रहे हैं। लेकिन पटवारी की मेहरबानी से कोई और लोग खेती कर रहे हैं। लेकिन शासन को कोई जानकारी नहीं है।

इस तरह से यहां पर आसपास शासन ने सरकारी जमीन पर कोई और को पट्टे दिए गए हैं। पर पटवारी की मिली भगत से लोगों ने मछली पालन के लिए सेड बनाए गए हैं। अनेकानेक पट्टे का दुरुपयोग किया गया है। इस भूमि पर पीएम श्री योजना में शामिल कर हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपेड बनाया जा सकता है।

ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है। इस जगह के आसपास दलाल सक्रिय है। लोग जमीन लेने वाले घूम रहे हैं। इस दौरान तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि जिन लोगों को पट्टे दिए गए हैं। यदि वह या उनके परिवार जनों के द्वारा लगातार उपयोग किया जाता है। तो अन्य जगह पर पट्टे दिए जा सकते हैं। शेष के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है।

## जारी नर्मदा जल वितरण में बाधाएं



सोहागपुर शहर में नर्मदा जल वितरण योजना में बाधाएं लगातार जारी हैं। गत दिवस बिहारी चौक क्षेत्र में पाइप लाइन में लीकेज पाए गए एवं जब सड़क खोदी गई तो बड़ा लीकेज मिला। जिससे अत्यधिक गंदा पानी निकला, जो पूरे बिहारी चौक क्षेत्र में सड़क तथा नालियों में भर गया। जिससे नागरिकों को बहुत परेशानी हुई। बिहारी चौक निवासी अखिलेश चौरसिया ने बताया कि करीब एक घंटे तक अत्यधिक मात्रा में पानी बहा, तब वितरण बंद किया गया। नागरिकों ने नर्मदा जल वितरण योजना में आ रही बाधाओं के स्थाई निराकरण की मांग प्रशासन से की है।

## नगर में फिर शुरू हुआ सट्टे का कारोबार

पिपरिया। नगर पालिका परिषद क्षेत्र एवं जनपद पंचायत क्षेत्र की हथवास सांडियारोड से लेकर पचमढ़ी रोड पर इतवारा बाजार के अंबेडकर बारड में कुचबंदिया मुहल्ले में तो शवदाह गृह के सामने एक बुजुर्ग से लेकर महिलाओं तक सट्टा पर्ची लिखकर खेल समन्वयक से चल रहा है। प्रतिदिन सुबह से ही लगभग 25000का सट्टा पर्ची लिखकर परोसा जा रहा है।जुंआ का कारोबार पनारी से लेकर डोकरी खेड़ा गांव सहित खैरी कला सहित अन्य सैकड़ों गांवों में खिलाड़ी खेल समन्वयक से खेल रहे हैं। पटेल मार्केट पालीवाल भवनके सामने श्री राम भोजनालय में भोजन की जगह सट्टा पर्ची लिखकर परोसा जा रहा है। जिसमें कोई राज रघुवंशी के द्वारा लगातार खिलाया जाता है।सांडियारोडपर कोई मुंगोडा बारे भी खिला रहे हैं। हथवासमेभीपवन खिला रहा रहे हैं। सट्टा पर्ची का कारोबार शहर में बढ़ रहा है।इस बारे में थाना प्रभारी आदित्य सैनी ने बताया कि सट्टा की जानकारी मिली है।पर कार्यवाही भी की जावेगी।

## तीर्थ यात्रियों का जत्था मां नर्मदा परिक्रमा करने रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कही जाने वाली पुण्य सलिला मां नर्मदा की परिक्रमा के लिए भक्तों का जत्था इटारसी के पुरानी इटारसी क्षेत्र, जय प्रकाश नगर से रवाना हुआ। कार्तिक मास की एकादशी से शुरू हुआ परिक्रमा जाने का यह सिलसिला अब भी जारी है। जत्थे में शामिल तीर्थ यात्रियों ने नर्मदापुरम तट पर विधिवत पूजन-अर्चन किया और फिर परिक्रमा के लिए अपनी यात्रा शुरू की।मित्रों, स्नेही स्वजनों और परिजनों ने नर्मदा तट पर पहुंचकर पुष्पहारों से यात्रियों का स्वागत किया और उन्हें शुभ यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदा किया। यह माना जाता है कि नर्मदा ही विश्व की एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। प्राचीन काल से ही यह नदी दुर्लभ जड़ी-बूटियों, पुरातत्व धरोहरों, धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य को समेटे हुए मानव जीवन की आस्था का केंद्र बनी हुई है। वेद-पुराणों में इसके महत्व का वर्णन मिलता है, जहां इसके हर कंकर में शंकरजी के विराजमान होने की मान्यता है।




## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने मनाया विजय दिवस
## महामंत्री शर्मा ने दिया 8 वें वेतन आयोग का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने शुक्रवार को मान्यता चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत की पहली वर्षगांठ को कर्मचारी आभार सप्ताह और विजय दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। चुनाव चिन्ह गाय के साथ जबलपुर जोन में एकमात्र मान्यता प्राप्त संगठन बनने के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर भोपाल मंडल कार्यालय में भव्य समारोह आयोजित किया।

**जोरदार स्वागत और भव्य सम्मान**

इस अवसर पर महामंत्री अशोक शर्मा का भोपाल मंडल कार्यालय पहुंचने पर मंडल सचिव कमलेश परिहार, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन परमार, एमएस पुरी, प्रशासनिक शाखा के सचिव संजय कटारे, अजय सेन, राजीव रंजन, राजेंद्र सीरिया, पुष्प लता पाठक और डिंपल नायर सहित भारी संख्या में युवाओं ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम में 205 वीं पीएनएम में उपस्थित भोपाल मंडल के सभी मंडल पदाधिकारियों और 15 शाखाओं के अध्यक्ष-सचिवों ने भी भाग लिया। इटारसी से भी विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष और सचिवों ने भोपाल पहुंचकर महामंत्री का भव्य स्वागत किया।



**8 वें वेतन आयोग और ओल्ड पेंशन पर फोकस**

महामंत्री अशोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में संगठन की भावी रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि संगठन अगले पांच वर्षों तक लगातार कर्मचारी हित में काम करता रहा, तो भारतीय रेल में केवल तिरंगा झंडा ही रहेगा और अन्य संगठन धीरे-धीरे समाप्ति की ओर चले जाएंगे। उन्होंने प्रमुख रूप से ज्वलनशील मुद्दों को उठाते हुए कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि जनवरी माह में आठवां वेतन आयोग, हार्डशिप रिस्क अलाउंस और ओल्ड पेंशन स्कीम प्राप्त करने जैसे मुद्दों पर रेलवे बोर्ड स्तर पर निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

**गरीब परिवारों को मिला सहयोग**

मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने इस दौरान कई गरीब परिवारों को सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति एवं अन्य नियुक्तियों के 8 से 10 ऐसे मामले, जो प्रशासन द्वारा लंबित रखे गए थे, उनमें संगठन ने हस्तक्षेप कर नियुक्तियां और स्थानांतरण करवाकर उन परिवारों को राहत दिलाई है। महामंत्री ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कर्मचारी हित में इसी निष्ठा के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया।

## श्रमिकों को मिला 6 लाख रुपए बकाया वेतन, कंपनियों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रमिकों के शोषण और उनके हक का वेतन रोकने वाली कंपनियों के खिलाफ मध्य प्रदेश श्रम विभाग ने एक कड़ा संदेश दिया है। इटारसी स्थित रुध्दा फूड्स, कीरतपुर में कार्यरत उत्तर प्रदेश और बिहार के 6 श्रमिकों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला था, जिसके बाद श्रम विभाग ने न केवल त्वरित कार्रवाई की, बल्कि कंपनी से बकाया लाख रुपए की पूरी राशि वसूल कर सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में जमा करवाई।

मामला तब सामने आया जब पीड़ित श्रमिकों ने स्थानीय श्रम कार्यालय में वेतन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही सहायक श्रमायुक्त, नर्मदापुरम संभाग, ने इसे गंभीरता से लिया और क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू को तत्काल



कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षक साहू ने बिना किसी देरी के अनावेदक संस्थान रुध्दा फूड्स पर दबाव बनाया और बकाया वेतन की वसूली सुनिश्चित की। इस तत्परता का नतीजा यह रहा कि 6 श्रमिकों का 6 लाख रुपए का रुका हुआ वेतन कुछ ही दिनों में उन्हें वापस मिल गया।

श्रमिकों ने श्रम विभाग की इस कार्रवाई पर गहरा संतोष व्यक्त किया है। श्रम विभाग की इस त्वरित और सफल कार्रवाई को उन कंपनियों के लिए एक स्पष्ट चेतावनी माना जा रहा है जो श्रमिकों के अधिकारों का हनन करती हैं और उन्हें समय पर वेतन देने से चूकती हैं।

## डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए दो माह में जगह नहीं मिली तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, नर्मदापुरम के नेतृत्व में शुक्रवार को इटारसी में एक ज्ञापन एसडीएम को दिया।

ज्ञापन के माध्यम से नपा परिषद को चेतावनी दी गई है कि यदि दो माह के भीतर प्रतिमा स्थापना के लिए उचित स्थान का चयन नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। टूटा फाउंडेशन, खंडित हुई प्रतिमा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने ज्ञापन में नगर पालिका परिषद के पूर्व और वर्तमान रवैये पर सवाल उठाए। ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व नपाध्यक्ष रवि किशोर जायसवाल के कार्यकाल में थाने के पास एसीसी तिराहा प्रतिमा स्थापना के लिए निश्चित किया गया था।



पूर्व परिषद ने यहां फाउंडेशन भी बनाया था, लेकिन परिषद बदलते ही उसे तोड़ दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा शासित नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाए और आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर हमारे पूजनीय हैं। हम अनुमति प्रदान न होने पर भी मूर्ति लाकर जल्द स्थापित करने के लिए तत्पर रहेंगे। जिलाध्यक्ष, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, नर्मदापुरम अजय अहिरवाल ने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव और जयंती पर जय भीम करती है, बाकी दिन गायब रहती है। जगह का चयन न होने पर क्रमिक भूख हड़ताल की शुरुआत की जाएगी।

## एसपी और जिलाध्यक्ष ने किया बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार को राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

यह प्रतियोगिता सांई फॉर्चून, इटारसी में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने की।



एसपी श्री थोटा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के साथ धर्मेंद्र मालवीय, अनिल बस्तवार, अजय पटेल, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, अनूप गांचले, विक्की तिवारी, संतोष बामने, सुशील बस्तरवार, अभिषेक पटेल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे पर ग्राम पंचायत हथवास में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश राज्यविधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर ग्राम पंचायत हथवास की उप स्वास्थ्यकेद्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट पाकसो एक्ट बाल विवाह अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया।

13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गई तथा प्रकरणोंका निराकरण करने कीसलाह दी गई। प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ जीवन




उपलब्ध कराना सरकाका दायित्व है। परंतु इसके लिए नागरिकोंको भी जागरूक होना चाहिए। लापरवाहीना वर्तते हुए किसी भी छोटी-छोटी बीमारी को चिकित्सकीय परीक्षण किया जाना चाहिए। तथा चिकित्सक की सलाह भी लेना चाहिये किसी तरह की कमजोरी महसूस होती है तो चिकित्सक को दिखानें की सलाह दी है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की और से प्रतिमा दाडरेदीपमाला साहु पुष्पा पटेल कामनी मालवीय उपस्थित रहे।

## कोर्ट के आदेश पर 5 गरीब परिवारों के मकान टूटे, ठंड में गुज़ारी रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यायालय के आदेश पर ग्राम टांगना में कई वर्षों से चले आ रहे एक पारिवारिक ज़मीन विवाद के चलते मंगलवार को 5 गरीब आदिवासी परिवारों के मकान तोड़ दिए गए। इस कार्रवाई के कारण ये परिवार कड़ाके की ठंड में बेघर हो गए।



पीड़ित परिवारों ने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मुलाकात कर शिकायत की कि उन्हें बेदखली का कोई पूर्व नोटिस नहीं दिया गया था, जिससे उनका ज़रूरी सामान और सरकारी दस्तावेज़ भी घर के मलबे में दब गए। उन्होंने यह भी बताया कि वे तीन पीढ़ियों से यहां रह रहे थे और कुछ मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने थे। पीड़ितों की दयनीय स्थिति को देखते हुए, एसडीएम ने तत्काल जनपद पंचायत के सीईओ को आवास और भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं, एक स्थानीय सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना और प्रशासन से राहत राशि देने की मांग की।

### स्व. माता के स्मरण पर किया आयोजन

## गोलानी परिवार ने कराया बालक हनुमान जी के मंदिर में भंडारा, श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के गोलानी परिवार की ओर से शुक्रवार को नगर में सिंधी कालोनी के समीप स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में भंडारा आयोजन किया गया। आयोजक पत्रकार हीरालाल गोलानी ने बताया कि कुलमाता हिंगलाज मां, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा व 13 मढ़ी हाथी गिर परिवार की कृपा से यह अवसर आया है कि परिवार ने भंडारा आयोजन किया है। हीरालाल गोलानी के अनुज मनोज गोलानी एवं पुत्रों विशाल गोलानी तथा पंकज गोलानी ने बताया कि माता महालक्ष्मी महाकाली पावागढ़ शक्तिपीठ के आशीर्वाद से गोलानी परिवार ने यह भंडारा आयोजन किया।



यह भंडारा आयोजन बालक हनुमान मंदिर परिसर स्टेशन रोड सुहागपुर में किया गया। सुबह 11 बजे मंदिर में हनुमान जी महाराज का पूजन करने के बाद कन्या पूजन व कन्या भोजन कराया गया। जिसके बाद भंडारा आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे से तक किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी प्राप्त की। विशाल गोलानी एवं पंकज गोलानी ने बताया कि स्वर्गीय माताजी के जन्मदिवस पर उनके पुण्य स्मरण में भी यह भंडारा आयोजन किया गया।




### जाहिर सूचना

मेरी पक्षकार खालिद हुसैन पिता मरहूम आबिद हुसैन, नि- इन्द्रावार्ड सोहागपुर, तह-सोहागपुर, जि- नर्मदापुरम मप्र है, मेरा पक्षकार निःसंतान है, उनकी कोई जैविक संतान नही है, मेरे पक्षकार को यह ज्ञात हुआ है कि फाकेहा हुसैन पुत्री सलीम खांन, मॉ अनीशा बानो, नि- आजाद वार्ड बैतूल, तह व जि-बैतूल के द्वारा मेरे पक्षकार की पुत्री होने का झूठा दावा कर रही है, जबकि मेरे पक्षकार का उससे कोई संबंध नहीं है, उसके द्वारा कोई भी कानूनी कार्यवाही की जाती है तो वह झूठी मानी जावेगी, उसका मेरे पक्षकार की किसी भी संपत्ति में कोई भी कानूनी अधिकार नहीं है। लिहाजा यह जाहिर सूचना आम जनता के लिए प्रेषित की जा रही है, यदि फाकेहा हुसैन द्वारा कोई दावा किया जावे तो वह झूठा माना जावेगा।

भवदीय **सैयद इरफान**
अधिवक्ता, सोहागपुर
मो.नं.- 9981488030

## खबर संक्षेप

### विजेता खिलाड़ियों का सम्मान आज

**हरदा।** सांसद खेल महोत्सव के तहत जिले के हरदा और टिमरनी विधानसभा क्षेत्रों के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को शनिवार आज सम्मानित किया जाएगा। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि यह कार्यक्रम स्थानीय नेहरू स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री का भ्रमण आज

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 13 दिसम्बर को हरदा आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री उइके प्रातः 10.30 बजे से स्वामी विवेकानन्द कॉलेज हरदा में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे नेहरू स्टेडियम हरदा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री शउइके दोपहर 2 बजे ग्राम पिपल्या (सिराली) के राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होंगे।

### मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया जा सकता है दान

**हरदा।** बाढ़, अग्नि दुर्घटना, सूखा, अन्य प्राकृतिक आपदाओं, औद्योगिक दुर्घटनाओं और गंभीर बीमारी से ग्रस्त साधनहीन लोगों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान दिया जा सकता है। इस कोष में दान की गई राशि पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 (जी) के तहत कर से छूट प्राप्त है। चेक अथवा डीडी के माध्यम से राशि दान करने के लिये चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम पर अपर सचिव, मुख्यमंत्री, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल को प्रेषित किया जा सकता है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक की वल्लभ भवन शाखा मंत्रालय भोपाल के खाता क्रमांक 10078152483 आईएफएससी कोड एसबीआईएन0001056 में सीधे राशि ट्रांसफर कर अथवा एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी दान की राशि ऑनलाइन जमा कराई जा सकती है।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

**हरदा।** जिले के टिमरनी तहसील मुख्यालय पर एक महिला ने जहरीली दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जिला अस्पताल पहुंचने के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, टिमरनी के लोधी मोहल्ले वार्ड नंबर नौ निवासी 32 वर्षीय दुर्गा पति कमलेश कौशल ने गुरुवार शाम अपने घर पर जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। उसे तत्काल उपचार के लिए टिमरनी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि घटना के समय महिला का पति इटारसी के पास ग्राम पांजरा में मिस्त्री का काम करने गया हुआ था। दुर्गा की शादी 13 साल पहले हुई थी और उसकी दो बेटियां हैं। वह पिछले कई सालों से अस्थमा और माइग्रेन की बीमारी से पीड़ित थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी बीमारी के चलते उसने यह कदम उठाया होगा। पुलिस आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच में जुट गई है।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4207 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 11 दिसंबर को 4207 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

---

### पंजीयन के वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए

# गैर मान्यता धारी, झोलाछाप डॉक्टरों पर की कार्रवाई, चार क्लीनिक सील




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वास्थ्य विभाग के दल ने शुक्रवार को नियमानुसार पंजीयन न होने एवं अपात्र व्यक्तियों द्वारा एलोपैथी की औषधियों का उपयोग करने तथा अन्य चिकित्सा पद्धतियों के उपयोग करने पर जिले की चार गैर मान्यताधारी क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की है। इस दौरान जानिब खान के द्वारा जहान मेडिकोज खेडीपुरा के अंदर छोटे से रूम में मरीजों को इंजेक्शन बॉटल लगाई गई, जिनके खाली रेपर टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान जप्त किये गये। जानिब खान से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये। जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा जानिब खान की क्लीनिक को सील किया गया। टीम के द्वारा ग्राम छिदगांव मेल में टी.के. बिस्वास के क्लीनिक का निरीक्षण के दौरान क्लीनिक मे छगनलाल पिता कृष्णा ग्राम बघवाड को सीने में दर्द होने पर बॉटल चड़ाई गई थी। टीम द्वारा पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये एवं क्लीनिक छोड़कर भाग गये।

**इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी**

ग्रामीणों के समक्ष क्लीनिक को सील किया गया। इसी प्रकार एन.सी मंडल दवाखाना छिदगांवमेल के निरीक्षण के दौरान संबंधित से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये, जिस पर कार्रवाई करते हुए टीम के द्वारा एन.सी.मंडल के क्लीनिक को सील किया गया। दिव्यांश मेडिकल स्टोर छिदगांवमेल के निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर के पीछे संबंधित द्वारा बाटल इंजेक्शन लगाई जाने की पुष्टी हुई। संबंधित से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये, जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा दिव्यांश मेडिकल स्टोर छिदगांवमेल को सील किया गया। टीम द्वारा सभी को वैध दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिये कहा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में गैर मान्यताधारी बिना पंजीयन के चिकित्सा व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही करने के लिये टीम का गठन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे।

---

### वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

# हरदा, खिरकिया व टिमरनी में 11 खंडपीठों में निपटाएंगे मामले

**हरदा।** शुक्रवार को जिला न्यायालय हरदा तथा तहसील न्यायालय खिरकिया एवं टिमरनी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय हरदा में 9 तथा टिमरनी एवं खिरकिया में 1-1 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। खण्डपीठों में द्वारा न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल प्रकरण तथा शमनीय अपराधिक प्रकरणों को राजीनामें के माध्यम से निराकृत किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन स्तर पर विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंको, फायनेंस कंपनियों आदि से संबंधित प्रकरणों को वाद के न्यायालय में दायर होने से पहले ही निराकृत किया जावेगा। इस संबंध में विद्युत विभाग एवं नगर पालिका द्वारा जलकर, संपत्तिकर के प्रकरणों में राजीनामें को बढावा देने हेतु छूटें जारी की गई हैं। इनका लाभ आमजन केवल नेशनल लोक अदालत में ही प्राप्त कर सकते हैं। लोक अदालत में निपटने वाले प्रकरणों में अपील का प्रावधान नहीं है, जिससे यदि किसी व्यक्ति का प्रकरण लोक अदालत में निराकृत होता हैं, तो वह हमेशा के लिये उस प्रकरण से मुक्त हो जाता है तथा उसे उसके द्वारा जमा की गई कोर्ट फीस भी वापस हो जाती है। लोक अदालत में निराकृत होने वाले प्रकरणों में पक्षकारगणों के धन एवं समय की बचत होती हैं, विवादों से निजात भी मिल जाती है। प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होने वाली लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निपटारा करें तथा प्रकरणों से हमेशा के लिये मुक्ति पाते हुए धन व समय की बचत करें।

---

### जल संसाधन संभाग की कार्रवाई

# रबी की सिंचाई के लिए ओसराबंदी कार्यक्रम जारी

**हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग हरदा सोनम वाजपेयी ने बताया कि रबी सिंचाई हेतु ओसरा बंदी का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। शनिवार सुबह 8 बजे से रविवार शाम 8 बजे तक रहटाखुर्द, दिनकरपुरा व बूंदड़ा की नहरें बंद रहेंगी। इसी प्रकार रविवार शाम 8 बजे से मंगलवार सुबह 8 बजे तक रेवापुर उपसंभाग अंतर्गत कुकरावद, छिदगांव, कनगांव व भीलगांव की नहरें बंद रहेंगी। मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार शाम 8 बजे तक सामरधा उपसंभाग अंतर्गत सामरधा व आलमपुर तथा बुधवार शाम 8 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक खिड़की व सौताड़ा की नहरें बंद रहेंगी। इसी प्रकार सोनतलाई उपसंभाग अंतर्गत डगांवाशंकर, लालपुरा, छुरीखाल, अमरापुर, लालमाटी, रोलगांव व खामा की नहरें प्रतिदिन शाम 4 बजे से सुबह 4 बजे तक बंद रहेंगी। इसके अलावा माचक उप संभाग अंतर्गत मोहनपुर, जात्राखेड़ी, दीपगांव, मरदानपुर, बाफला, काकड़कच्छ, ढोलगांव, दीपगांवकला-1, दीपगांवकला-2 व जुनापानी की नहरें प्रतिदिन शाम 4 बजे से सुबह 4 बजे तक बंद रहेगी। कार्यपालन यंत्री सुश्री वाजपेयी ने किसानों से अपील की है कि बिना अनुमति एवं अग्रिम राशि जमा किये बगैर सिंचाई पंप नहीं चलावें। ट्रैक्टर चलित एवं 10 एच.पी. से अधिक क्षमता के पंप नहीं चलेंगे। डिफाल्टर किसानों के द्वारा सिंचाई राजस्व राशि जमा न करने की स्थिति में सायफन अथवा पंप बंद करने की कार्रवाई की जावेगी। पानी की आवक एवं आवश्यकता को देखते हुए बड़ी उपशाखाओं में ओसरा बंदी कार्यक्रम में बदलाव किया जा सकेगा।

---

# पानी की समस्या से निपटने, जल संरक्षण के लिए गांव की नदी पर बोरी बंधान बनाया

### बोरियों के ऊपर पन्नी डालकर उसके ऊपर रेता व पत्थर रखे गए

**रहटगांव।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड टिमरनी जिला हरदा की संस्था द्वारा जल संरक्षण हेतु अपने ग्राम की नदी पर एक बोरी बंधान का निर्माण किया। ताकि नदी के पानी से ग्राम का जलस्तर बना रहे एवं जंगली जानवरों तथा पालतू पशुओं के पानी की उपलब्धता रहे एवं ग्राम वासियों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य इस बोरीबंधान का निर्माण किया गया है। बोरी बंधान मे लगभग 25-30बोरियों का उपयोग किया ओर बोरियों के ऊपर पन्नी डालकर उसके ऊपर रेता एवं पत्थर रखकर उसे व्यवस्थित किया गया जिससे की बोरी बंधान टूटे नहीं। बोरी बंधान निर्माण मे प्रमुख रुप प्रमोद चंदेल एवं ग्रामवासी अजय वर्मा, अभिषेक गौर, मनोज पवार, पप्पू, टीटू ककोडियां अनुराग वर्मा, नितेश ककोड़िया, और संस्था के सदस्य शामिल रहे।



---

### आईएफएमएस मॉड्यूल प्रशिक्षण दिया गया

# अधिकारी-कर्मचारियों को आने वाली समस्याओं की जानकारी दी, देयकों व बिन्दुओं पर बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों व उनके अधीनस्थ कोषालयीन कार्य हेतु अधिकृत कर्मचारियों का शुक्रवार को जिला पंचायत के ई-दक्षता केन्द्र में आईएफएमआईएस मॉड्यूल संबंधित प्रशिक्षण दो पालियों में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में सिस्टम मेनेजर शैलेन्द्र महाजन ने ई जीपीएफ, देयकों का कोषालय में प्रस्तुतीकरण, असफल ई-भुगतान, समग्र लिंकिंग रेगुलर एवं नॉन रेगुलर अधिकारी कर्मचारी, एसडी, एसएनए स्पर्श के देयकों तथा अन्य बिन्दुओं के संबंध में विस्तार से जानकारी। उन्होने इस दौरान अधिकारी कर्मचारियों को आने वाली समस्याओं के संबंध में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी रूमसिंह डुडवे तथा सहायक कोषालय अधिकारी बृजेश चौरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



---

# श्रीमद भागवत भगवान का वांग्मय स्वरूपः शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

सिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान समिति रहटगांव द्वारा सार्वजनिक संगीत में श्रीमद् भागवत कथा पंछी मोहल्ले में भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा गणेश मंदिर बाजार चौक से होकर नगर भ्रमण के उपरांत कव्या स्थल पर पहुंची। ततपश्चात पंडित सुनील शर्मा द्वारा पूजन के उपरांत भव्य संगीतमय कथा का शुभारंभ किया गया। उन्होने कथा को विस्तार देते हुए कहां कि कथा श्रवण करने से पाप के साथ साथ कलियुग की आयु की क्षीण होती हैं।

उन्होंने उन्होंने नारद जी के द्वारा पृथ्वी भ्रमण कर ज्ञान भक्ति वैराग्य को श्रीमद् भागवत कथा सुना करके आनंद तट गंगा जी के किनार पर ले जाकर के सप्ताह परायण की विधि से कथा सुनाई। ज्ञान वैराग्य को जागृत किया साथ ही नारद जी के आशीर्वाद से कलयुग में हर भक्त के हृदय में भक्ति की स्थापना करने का आशीर्वाद भी दिया। इस कथा के दौरान उन्होंने आत्म देव ब्राह्मण की कथा सुनाई जिनको पुत्र की इच्छा थी। आज के वर्तमान समय में लोकेषण ना वितेषना और पुत्रेषणा के लिए हर व्यक्ति लालाहित है। किंतु भगवान के यहां से जो भी प्राप्त होता है वह उनकी इच्छा से होता है। कथा को विस्तार देते हुए उन्होंने कथा सुनने की विधि व्यास जी के द्वारा भागवत की रचना करना भागवत जी को सुनने की विधि और महाभारत काल में भीष्म कुंती इत्यादि की कथा सुना करके कलयुग का विस्तृत वर्णन कहकर के सुनाया गया। इस दौरान विभिन्न सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई आयोजक समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रतिदिन भगवान की कथा सुनने के लिए निवेदन किया गया था के उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया।

---


### नियम का पालन मंडी परिसर में नहीं हो रहा

# 50 हजार बोरे मंडी कैंपस में डंप किए, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

स्थानीय उपज मंडी में अव्यवस्थाओं का अंबार है। करीब 50 हजार से ज्यादा बोरें मंडी कैंपस में डंप करके रखे गए हैं। करीब 12 एकड़ के परिसर में किसानों को वाहन निकालने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह व्यापारियों द्वारा थप्पी लगाकर कई जगह मंडी को बुरी तरीके से बाधित कर दिया गया है।

नियम अनुसार 24 घंटे में ही व्यापारियों को किसानों से खरीदा गया अनाज मंडी प्रांगण से हटाना पड़ता है वर्तमान समय में इस नियम का पालन मंडी परिसर में नहीं हो रहा है। मंडी हाउस फुल होने के कारण किसानों को अपने ट्रैक्टर ट्राली निकालने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। जाम की स्थिति बनने के कारण किसानों के ट्रैक्टर पूरे समय चालू रहते हैं जिसमें से निकलता डीजल का धुंआ किसानों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। मंडी के अधिकारियों के अनुसार रैंक पॉइंट ना होने के कारण तय समय सीमा में व्यापारी अपना खरीदा गया अनाज नहीं हटा पा रहे हैं इसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। वहीं अधिकारियों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि व्यापारियों द्वारा किसानों को जो भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया जा रहा है उसमें इस बात की तस्दीक करना पड़ता है कि खरीदे गए अनाज का भुगतान व्यापारियों द्वारा किसानों को उनके खाते में दिया गया है या नहीं इस भुगतान को सुनिश्चित करने के बाद व्यापारियों को अनाज मंडी से बाहर निकालने की अनुमति देते हैं।



**इनका कहना है**

*नियम अनुसार डंप किया गया अनाज मंडी प्रांगण से हटवाया जाएगा ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की और सुविधा ना हो। किसानों को भुगतान व्यापारी द्वारा कर दिया गया है इस बात को सुनिश्चित करके व्यापारियों को मंडी प्रांगण अनाज निकालने की अनुमति देते हैं इस प्रोसीजर में कई बार मंडी में थप्पी लग जाती है। समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा।*

**प्रेम नारायण उज्जैनिया**
प्रांगण प्रभारी कृषि उपज मंडी परिसर खिरकिया

---

### बीएलओ को ई-अटेडेंस से मुक्त रखने की उठी मांग

# एसआईआर में नंबर-1 लाना पड़ा महंगा, 1724 शिक्षकों का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




एसआईआर मामले में जिले को प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल करवाने और जिला कलेक्टर को तारीफ दिलाने वाले जिले के 1724 शिक्षकों का दिसंबर का वेतन रोक दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने 'हमारे शिक्षक' ई.गवर्नेंस प्लेटफॉर्म पर अपनी अवकाश/उपस्थिति दर्ज न करने वाले 1,724 कर्मचारियों का दिसंबर माह का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है।

इधर जिला मुख्यालय पर एसआईआर काम में लगे बीएलओ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सभी बीएलओ को ई-अटेडेंस से मुक्त रखने की मांग की है। जारी आदेश में बताया गया कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा भोपाल का पत्र 20 जून 2025 द्वारा नवीन तकनीक आधारित हमारे शिक्षक ई.गवर्नेस प्लेटफार्म के माध्यम से अवकाश-उपस्थिति दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके संबंध में पूर्व में भी हमारे शिक्षक एप पर अवकाश उपस्थिति दर्ज करने के लिए निरंतर पत्राचार निर्देशित किया गया, परंतु इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। उक्त के संबंध में समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से हमारे शिक्षक एप पर 10 दिसंबर 2025 को अवकाश-उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले कर्मचारियों के प्राप्त प्रस्ताव के अनुक्रम में संलग्न 10 दिसंबर को ई.अटेंडेंस नहीं लगाने वाले कर्मचारियों का दिसम्बर माह का वेतन रोके जाने हेतु आहरण संवितरण अधिकारी एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला सीहोर को आदेशित किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल केंद्रों के प्राचार्यों और जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

---

# वीआईटी ने सरकार को दिया 49 पन्नों का जवाब



**सीहोर।** राज्य सरकार द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 49 पन्नों का जवाब भेजकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। विश्वविद्यालय ने अपने जवाब में कहा है कि आरोप भ्रमजनक, तथ्यहीन और गलत जानकारी पर आधारित हैं। वहीं छात्र विरोध-प्रदर्शन फर्जी खबरों और सोशल मीडिया की अफवाहों से प्रेरित था, जिसके कारण कैंपस में हिंसा और तोडफ़ोड़ की घटनाएं हुईं।

वीआईटी प्रबंधन ने अपने जवाब में सफाई दी कि 8 बॉयज और 2 गर्ल्स हॉस्टल के लिए भोजन व्यवस्था इंदौर, भोपाल और चेन्नई के प्रतिष्ठित केटरर्स द्वारा की जाती है। भोजन मेन्यू मासिक आधार पर स्टूडेंट फूड कमेटी तय करती है और छात्र फीडबैक पर तुरंत एक्शन लिया जाता है। पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच आईएसओ 10500 मानकों के अनुसार होती है। कैंपस में उन्नत ओजोनाइजर, सैंड फिल्टर्स और वॉटर सॉफ्टनर लगाए गए हैं।

**टेस्टिंग लैब :** प्रबंधन ने घोषणा की है कि जल्द ही कैंपस में फूड और वॉटर टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएगी, जिसके परिणाम विश्वविद्यालय पोर्टल पर सार्वजनिक किए जाएंगे।

**पीलिया के मामलों पर स्पष्टीकरण :** यूनिवर्सिटी ने दावा किया कि कुल 17,121 छात्रों में से केवल 35 विद्यार्थियों में ही पीलिया के लक्षण पाए गए। उन्हें तुरंत मेडिकल सहायता दी गई। कैंपस में 8-बेड की मेडिकल सुविधा, 4 डॉक्टर और 6 नर्सें 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। गंभीर मामलों को चिरायु अस्पताल और अन्य मान्यता प्राप्त अस्पतालों में रेफर किया जाता है। छात्रों की मेडिकल रिपोर्ट न दिए जाने के आरोप को तथ्यहीन बताते हुए कहा गया कि यह रिकॉर्ड पहले ही संबंधित समिति को सौंपा जा चुका है।

**प्रबंधन की मांग, नोटिस वापस लिया जाए**

यूनिवर्सिटी ने सरकार से अपील की है कि शो-कॉज नोटिस असत्य और अपुष्ट सूचनाओं पर आधारित है, जबकि संस्थान ने सभी मानकों का पालन किया है। वीआईटी भोपाल ने सरकार से नोटिस वापस लिए जाने और सुनवाई का अवसर देकर तथ्यों को स्पष्ट करने की मांग की है। जवाब में संस्थान ने 2017 में स्थापना के बाद से अपनी उपलब्धियां जैसे वैश्विक एमओयू 100 प्रतिशत डॉक्टरेट फैकल्टी और मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड का भी उल्लेख किया है।